EVENT REPORT

OBSERVANCE OF HINDI PAKHWADA – 2026

(Period of Observance: 16th September, 2026 to 30th September, 2026)

Venue: NEC Auditorium, North Eastern Council Secretariat, Nongrim Hills, Shillong

(https://necouncil.gov.in)

1. Introduction

The North Eastern Council (NEC) Secretariat observed Hindi Pakhwada–2026 with the objective of promoting the use of **Official Language Hindi** in official work and fostering greater awareness, interest and enthusiasm towards Hindi among the officers and staff of the Secretariat. The programme was organised under the guidance of the **Official Language Implementation Committee (OLIC)**, NEC.

During the observance, a series of competitions, an OLIC meeting, a Hindi workshop and a closing ceremony were organised. Officers and staff members were encouraged to participate actively and to make greater use of Hindi in day-to-day official work, including correspondence, noting and drafting, e-mails, office notes and other official communications

2. Objectives

- Promoting the use of Official Language Hindi in the day-to-day functioning of the NEC Secretariat.
- Creating greater awareness and interest in the use of Hindi among officers and employees.
- Encouraging the use of Hindi in official correspondence, noting and drafting, e-mails and office communications.
- Promoting the use of Hindi in official meetings, workshops, discussions and interactions wherever feasible.
- Encouraging Hindi typing, Unicode and Hindi-enabled digital facilities in official work.
- Providing opportunities to enhance Hindi language skills through competitions and interactive activities.
- Encouraging active participation of officers and staff members in programmes related to Official Language.

3. Programme-Wise Report

3.1.1 Participation in the 6th All India Official Language Conference 14-15 September 2026

The Rajbhasha Adhikari and Link Rajbhasha Adhikari of the NEC Secretariat participated in **the 6th All India Official Language Conference** held on **14 and 15 September 2026** at CIDCO Exhibition & Convention Centre, Vashi, Navi Mumbai, Maharashtra, under the chairmanship of the **Hon'ble Home Minister**.

3.1.2 Inaugural Ceremony – 16 September 2026

The Inaugural Ceremony of Hindi Pakhwada–2026 was held on 16 September 2026 at the NEC Auditorium. The ceremony was inaugurated by the Planning Adviser and Chairman, NEC Official **Language Implementation Committee (OLIC**). The programme also included the reading of the Message of the Hon'ble Home Minister, marking the formal commencement of the Hindi Pakhwada observance at the NEC Secretariat.

3.2 Hindi Speech Competition – 17 September 2026

A Hindi Speech Competition was organised on 17 September 2026 with participation from both Hindi-speaking and non-Hindi-speaking employees. A total of **10 participants took part**, comprising **3 Hindi-speaking and 7 non-Hindi-speaking** participants. The competition provided participants an opportunity to demonstrate their Hindi-speaking skills and encouraged greater confidence in the use of Hindi.

3.3 Hindi Writing Competition – 18 September 2026

The Hindi Writing Competition was conducted on 18 September 2026 for non-Hindi-speaking participants. A total of **33 participants** took part in the competition, encouraging participants to develop their written communication skills in Hindi.

3.4 Hindi Dictation Competition – 18 September 2026

A Hindi Dictation Competition was organised on 18 September 2026 for non-Hindi-speaking participants. A total of **17 participants** participated. The activity focused on improving familiarity with Hindi vocabulary, spelling and written comprehension.

3.5 Hindi General Knowledge Competition – 21 September 2026

The Hindi General Knowledge Competition was held on 21 September 2026 for Hindi-speaking participants. A total of **8 participants** took part. The activity combined general knowledge with the use of Hindi in an informative and interactive manner.



3.6 Hindi Essay Writing Competition – 22 September 2026

The Hindi Essay Writing Competition was conducted on 22 September 2026 with participation from Hindi-speaking and non-Hindi-speaking employees. A total of **32 participants** participated, comprising **10 Hindi-speaking** and **22 non-Hindi-speaking participants**. The competition encouraged participants to express their ideas and perspectives in Hindi while improving written communication skills.

3.7 OLIC Meeting – 23 September 2026

An **Official Language Implementation Committee (OLIC**) Meeting was held on 23 September 2026 to review the use of Official Language Hindi in the NEC Secretariat. Efforts by various divisions to promote Hindi in official noting, bilingual correspondence and other office work were reviewed and appreciated. The meeting was attended by the Chairman and Members of the Committee.

3.8 Hindi Noting and Drafting Competition – 24 September 2026

The Hindi Noting and Drafting Competition was organised on 24 September 2026 for Hindi-speaking and non-Hindi-speaking participants. A total of **22 participants** took part, comprising **8 Hindi-speaking** and **14 non-Hindi-speaking** participants. The competition encouraged practical skills in Hindi noting and drafting for official work.

3.9 Hindi Song Competition – 28 September 2026

A Hindi Song Competition was held on 28 September 2026 with joint participation from Hindi-speaking and non-Hindi-speaking employees. A total of **7 participants** took part. The programme added a cultural and recreational dimension to the Hindi Pakhwada celebrations.

3.10 Hindi Workshop – 29 September 2026

A Hindi Workshop was conducted on 29 September 2026 by **Shri S. K. Singh, Assistant Director (Language), Department of Official Language, Ministry of Home Affairs**. The workshop focused on the correct use of Hindi alphabets and matras and was attended by more than **40 officers** and employees of the NEC Secretariat.

3.11 Closing Ceremony – 8 October 2026

The Closing Ceremony of Hindi Pakhwada–2026 was organised at the NEC Auditorium on 8 October 2026 from 3:00 PM onwards. The ceremony commenced with the arrival and welcome of the Secretary, North Eastern Council, followed by the playing of Vande Mataram and the National Anthem. The Rajbhasha Adhikari presented a brief report on the programmes and activities conducted during Hindi Pakhwada–2026, followed by distribution of certificates to the winners of various competitions.

उत्तर पूर्वी परिषद सचिवालय / NORTH EASTERN COUNCIL SECRETARIAT
हिंदी पखवाड़ा समारोह – 2026
HINDI FORTNIGHT CELEBRATION – 2026
दिनांक: 16 से 30 सितम्बर - 2026
भारत सरकार/ Government of India
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय / Ministry of Development of NE Region
उत्तर-पूर्वी परिषद् सचिवालय/ North Eastern Council Secretariat
नोंग्रीम हिल्स, शिलांग- 793003 / Nongrim Hills, Shillong-793003

3.12 Cultural Performances during the Closing Ceremony

The closing ceremony featured performances by various participants from 3:25 PM to 3:45 PM:

- Shri Aizaz Ahmad – Poem Recitation
- Shri Aryan Singh – Stand-up Comedy
- Miss Neha – Solo Song
- Shri Biplab – Solo Song
- Shri Abhijeet & Friends – Group Song

The cultural segment was followed by an address by the dignitaries on the dais. The Secretary, North Eastern Council, subsequently addressed the gathering from 3:55 PM to 4:05 PM. The programme concluded with a Vote of Thanks, followed by High Tea and Refreshments from 4:10 PM onwards.

4. Summary of Participation

Sl. No.	Programme/Competition	Date	Participants
1	Inaugural Ceremony of Hindi Pakhwada	16.09.2026	—
2	Hindi Speech Competition	17.09.2026	10
3	Hindi Writing Competition	18.09.2026	33
4	Hindi Dictation Competition	18.09.2026	17
5	Hindi General Knowledge Competition	21.09.2026	8
6	Hindi Essay Writing Competition	22.09.2026	32
7	OLIC Meeting	23.09.2026	Chairman & Members of OLIC
8	Hindi Noting & Drafting Competition	24.09.2026	22
9	Hindi Song Competition	28.09.2026	7
10	Hindi Workshop	29.09.2026	40+
11	Closing Ceremony	08.10.2026	Officers & Staff

5. Key Outcomes

- Increased awareness about the importance of Official Language Hindi.
- Encouraged participation among both Hindi-speaking and non-Hindi-speaking employees.
- Improved confidence in Hindi speaking and writing.
- Developed practical skills in Hindi noting and drafting.
- Strengthened familiarity with Hindi spelling, alphabets and matras.
- Encouraged the use of Hindi in official correspondence and office work.
- Reinforced the objectives of the Official Language Implementation Committee.
- Created a positive and participatory environment for the promotion of Hindi within the Secretariat.

6. Overall Outcome

The observance of Hindi Pakhwada–2026 at the NEC Secretariat provided a comprehensive platform for promoting the use of Hindi through official language activities, competitions, practical language exercises, cultural programmes and capacity-building initiatives. The participation of both Hindi-speaking and non-Hindi-speaking officers and employees in the various competitions demonstrated an inclusive approach towards promoting Hindi within the Secretariat.

The OLIC Meeting provided an institutional mechanism for reviewing the use of Hindi in official work, while the Hindi Workshop provided practical guidance on the correct use of Hindi alphabets and matras. The Closing Ceremony brought together the official, competitive and cultural aspects of the fortnight through the presentation of certificates and cultural performances.

7. Conclusion

Hindi Pakhwada–2026 at the North Eastern Council Secretariat was marked by active participation in a diverse range of competitions, an OLIC review meeting, a Hindi language workshop and a concluding cultural programme. The observance provided officers and employees with opportunities to engage with Hindi in both formal and creative formats and successfully combined Official Language implementation with employee participation, learning and cultural expression.

The programme reaffirmed the commitment of the NEC Secretariat towards encouraging the effective use of Official Language Hindi in official work and creating greater awareness and enthusiasm towards its continued use.

****

कार्यक्रम रिपोर्ट

हिंदी पखवाड़ा–2026 का आयोजन

(आयोजन अवधि: 16 सितंबर, 2026 से 30 सितंबर, 2026 तक)

स्थान: एनईसी सभागार, उत्तर पूर्वी परिषद सचिवालय, नांग्रिम हिल्स, शिलांग

(https://necouncil.gov.in/)

1. **प्रस्तावना**

उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) सचिवालय द्वारा कार्यालयी कार्यों में **राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने** तथा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता, रुचि एवं उत्साह का संवर्धन करने के उद्देश्य से हिंदी पखवाड़ा–2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तर पूर्वी परिषद की **राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राभाकास)** के मार्गदर्शन में किया गया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला तथा समापन समारोह सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा दैनिक कार्यालयी कार्यों में पत्राचार, टिप्पण एवं प्रारूपण, ई-मेल, कार्यालय टिप्पणियों एवं अन्य शासकीय संचार माध्यमों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

2. **उद्देश्य**

- एनईसी सचिवालय के दैनिक कार्यालयी कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना।
- अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रयोग के प्रति जागरूकता एवं रुचि बढ़ाना।
- शासकीय पत्राचार, टिप्पण एवं प्रारूपण, ई-मेल तथा कार्यालयी संचार में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना।
- यथासंभव शासकीय बैठकों, कार्यशालाओं, विचार-विमर्श एवं पारस्परिक संवाद में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना।
- कार्यालयी कार्यों में हिंदी टंकण, यूनिकोड तथा हिंदी-सक्षम डिजिटल सुविधाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना।
- प्रतियोगिताओं एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से हिंदी भाषा संबंधी कौशल को विकसित करने के अवसर प्रदान करना।
- राजभाषा संबंधी कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करना।

3. कार्यक्रमवार रिपोर्ट

i. **छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में सहभागिता - 14-15 सितंबर, 2026**

एनईसी सचिवालय के राजभाषा अधिकारी एवं लिंक राजभाषा अधिकारी ने **दिनांक 14 एवं 15 सितंबर, 2026** को **माननीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में सिडको प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र, वाशी, नवी मुंबई, महाराष्ट्र** में आयोजित **छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन** में सहभागिता की।

3.1.2 उद्घाटन समारोह – 16 सितंबर, 2026

हिंदी पखवाड़ा–2026 का उद्घाटन समारोह दिनांक 16 सितंबर, 2026 को एनईसी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन योजना सलाहकार एवं एनईसी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री जी के संदेश का वाचन भी किया गया। इसके साथ ही एनईसी सचिवालय में हिंदी पखवाड़े के कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

3.2 हिंदी भाषण प्रतियोगिता – 17 सितंबर, 2026

दिनांक 17 सितंबर, 2026 को हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदीभाषी एवं अहिंदीभाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल **10 प्रतिभागियों** ने सहभागिता की, जिनमें **3 हिंदीभाषी तथा 7 अहिंदीभाषी** प्रतिभागी शामिल थे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को हिंदी में अपने विचार अभिव्यक्त करने की क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही, इसने कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रयोग के प्रति उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में योगदान दिया।

3.3 हिंदी लेखन प्रतियोगिता – 18 **सितंबर**, 2026

दिनांक 18 सितंबर, 2026 को अहिंदीभाषी प्रतिभागियों के लिए हिंदी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल **33 प्रतिभागियों** ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों को हिंदी में अपने विचारों को लिखित रूप में अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना तथा उनके हिंदी लेखन कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

3.4 हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता – 18 सितंबर, 2026

दिनांक 18 सितंबर, 2026 को अहिंदीभाषी प्रतिभागियों के लिए हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल **17 प्रतिभागियों** ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों को हिंदी शब्दावली एवं वर्तनी से परिचित कराना तथा हिंदी में लिखित सामग्री को समझने और सही ढंग से लिखने की क्षमता विकसित करना था।

3.5 हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता – 21 सितंबर, 2026

दिनांक 21 सितंबर, 2026 को हिंदीभाषी प्रतिभागियों के लिए हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल **8 प्रतिभागियों** ने भाग लिया। इस गतिविधि के माध्यम से सामान्य ज्ञान को हिंदी भाषा के प्रयोग के साथ समन्वित करते हुए प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में अपनी जानकारी प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया।



3.6 हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता – 22 सितंबर, 2026

दिनांक 22 सितंबर, 2026 को हिंदीभाषी एवं अहिंदीभाषी कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल **32 प्रतिभागियों** ने भाग लिया, जिनमें **10 हिंदीभाषी तथा 22 अहिंदीभाषी** प्रतिभागी शामिल थे। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों को हिंदी में अपने विचारों एवं दृष्टिकोणों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना तथा उनके लेखन एवं लिखित संप्रेषण कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

3.7 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक – 23 सितंबर, 2026

दिनांक 23 सितंबर, 2026 को एनईसी सचिवालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की समीक्षा हेतु **राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राभाका)** की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न प्रभागों द्वारा कार्यालयी टिप्पण, द्विभाषी पत्राचार तथा अन्य कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई तथा इन प्रयासों की सराहना की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भाग लिया।

3.8 हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता – 24 सितंबर, 2026

दिनांक 24 सितंबर, 2026 को हिंदीभाषी एवं अहिंदीभाषी प्रतिभागियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल **22 प्रतिभागियों** ने भाग लिया, जिनमें **8 हिंदीभाषी तथा 14 अहिंदीभाषी** प्रतिभागी शामिल थे। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों को शासकीय कार्यों में हिंदी में टिप्पणी लिखने एवं प्रारूपण करने के व्यावहारिक कौशल से परिचित कराना तथा कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करना था।

3.9 हिंदी गीत प्रतियोगिता – 28 सितंबर, 2026

दिनांक 28 सितंबर, 2026 को हिंदीभाषी एवं अहिंदीभाषी कर्मचारियों की संयुक्त सहभागिता से हिंदी गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल **7 प्रतिभागियों** ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से हिंदी पखवाड़े के आयोजनों में सांस्कृतिक एवं मनोरंजक आयाम जुड़ा तथा प्रतिभागियों को

हिंदी गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

3.10 हिंदी कार्यशाला – 29 सितंबर, 2026

दिनांक 29 सितंबर, 2026 को **श्री एस. के. सिंह, सहायक निदेशक (भाषा), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय** द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय हिंदी वर्णमाला एवं मात्राओं का शुद्ध एवं उचित प्रयोग था। इस कार्यशाला में एनईसी सचिवालय के **40 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों** ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी वर्णों एवं मात्राओं के शुद्ध प्रयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्यालयी कार्यों में हिंदी के शुद्ध एवं प्रभावी प्रयोग को प्रोत्साहित करना था।

3.11 समापन समारोह – 8 अक्टूबर, 2026

दिनांक 8 अक्टूबर, 2026 को अपराह्न 3:00 बजे से एनईसी सभागार में हिंदी पखवाड़ा–2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ उत्तर पूर्वी परिषद के सचिव महोदय के आगमन एवं स्वागत के साथ हुआ, जिसके पश्चात् *वंदे मातरम्* एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। तत्पश्चात् राजभाषा अधिकारी द्वारा हिंदी पखवाड़ा–2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

उत्तर पूर्वी परिषद सचिवालय / NORTH EASTERN COUNCIL SECRETARIAT
हिंदी पखवाड़ा समारोह – 2026
HINDI FORTNIGHT CELEBRATION – 2026
दिनांक: 16 से 30 सितम्बर - 2026
भारत सरकार/ Government of India
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय / Ministry of Development of NE Region
उत्तर-पूर्वी परिषद् सचिवालय/ North Eastern Council Secretariat
नोंग्रीम हिल्स, शिलांग- 793003 / Nongrim Hills, Shillong-793003

3.12 समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

समापन समारोह के दौरान अपराह्न 3:25 बजे से 3:45 बजे तक विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन प्रस्तुतियों का विवरण निम्नानुसार है:

- **श्री ऐज़ाज़ अहमद** – कविता पाठ
- **श्री आर्यन सिंह** – स्टैंड-अप कॉमेडी
- **सुश्री नेहा** – एकल गायन
- **श्री बिप्लब** – एकल गायन

- **श्री अभिजीत एवं उनके साथी** – सामूहिक गायन

सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत मंचासीन गणमान्य अतिथियों द्वारा संबोधन दिया गया। तत्पश्चात् अपराह्न 3:55 बजे से 4:05 बजे तक उत्तर पूर्वी परिषद के सचिव महोदय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसके उपरांत अपराह्न 4:10 बजे से उच्च चाय एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

4. प्रतिभागिता का सारांश

क्र. सं.	कार्यक्रम/प्रतियोगिता	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या/विवरण
1	हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह	16.09.2026	—
2	हिंदी भाषण प्रतियोगिता	17.09.2026	10
3	हिंदी लेखन प्रतियोगिता	18.09.2026	33
4	हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता	18.09.2026	17
5	हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	21.09.2026	8
6	हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता	22.09.2026	32
7	राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राभाकास) की बैठक	23.09.2026	अध्यक्ष एवं राभाकास के सदस्य
8	हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता	24.09.2026	22
9	हिंदी गीत प्रतियोगिता	28.09.2026	7
10	हिंदी कार्यशाला	29.09.2026	40+
11	समापन समारोह	08.10.2026	अधिकारी एवं कर्मचारी

5. प्रमुख उपलब्धियाँ

- राजभाषा हिंदी के महत्व के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।
- हिंदीभाषी एवं अहिंदीभाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों की सहभागिता को प्रोत्साहन मिला।
- हिंदी में बोलने एवं लिखने के प्रति आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।
- हिंदी में टिप्पण एवं प्रारूपण संबंधी व्यावहारिक कौशल का विकास हुआ।
- हिंदी की वर्तनी, वर्णमाला एवं मात्राओं के शुद्ध प्रयोग के प्रति जानकारी एवं समझ में वृद्धि हुई।
- शासकीय पत्राचार एवं कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन मिला।
- राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सहायता मिली।
- सचिवालय में हिंदी के संवर्धन हेतु सकारात्मक एवं सहभागितापूर्ण वातावरण का निर्माण हुआ।

6. समग्र निष्कर्ष

एनईसी सचिवालय में हिंदी पखवाड़ा–2026 का आयोजन राजभाषा संबंधी गतिविधियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं, व्यावहारिक भाषा-अभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा क्षमता संवर्धन संबंधी पहलों के माध्यम से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु एक व्यापक मंच सिद्ध हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिंदीभाषी एवं अहिंदीभाषी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सहभागिता ने सचिवालय में हिंदी के संवर्धन के प्रति समावेशी दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राभाका) की बैठक ने कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रयोग की समीक्षा हेतु एक संस्थागत तंत्र प्रदान किया, जबकि हिंदी कार्यशाला के माध्यम से हिंदी वर्णमाला एवं मात्राओं के शुद्ध प्रयोग के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समापन समारोह में प्रमाण-पत्र वितरण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी पखवाड़े के शासकीय, प्रतियोगितात्मक एवं सांस्कृतिक पहलुओं का समन्वित रूप प्रस्तुत किया गया।

7. निष्कर्ष

उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) सचिवालय में हिंदी पखवाड़ा–2026 का आयोजन विभिन्न प्रतियोगिताओं, राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राभाका) की समीक्षा बैठक, हिंदी भाषा कार्यशाला तथा समापन समारोह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को औपचारिक एवं सृजनात्मक, दोनों ही स्वरूपों में हिंदी से जुड़ने के अवसर प्रदान किए। साथ ही, इसके माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन, कर्मचारी सहभागिता, भाषा संबंधी सीखने की प्रक्रिया तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का समुचित समन्वय स्थापित हुआ।

इस कार्यक्रम ने कार्यालयी कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा इसके निरंतर प्रयोग के प्रति जागरूकता एवं उत्साह बढ़ाने हेतु एनईसी सचिवालय की प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया।

****